फा सं.  3.12(1)/2019-सा.-I

**संघ लोक सेवा आयोग**

धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड

नई दिल्ली-110069

**ई-टेंडर नोटिस**

दिनांक : 11.11.2019

**विषय: संघ लोक सेवा आयोग कार्यालय में मिश्रित रद्दी कागज के एकबारगी निपटान हेतु  निविदा आमंत्रण सूचना (एन आई टी) ।**

संघ लोक सेवा आयोग कार्यालय में मिश्रित रद्दी कागज के (एकबारगी) निपटान हेतु दो बोली प्रणाली के अंतर्गत ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।  निविदा आमंत्रण सूचना के विस्तृत निबंधन एवं शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं।  हैं। निविदा दस्तावेज़ सं. लो. से. आ. की वेबसाइट www.upsc.gov.in और सीपीपी साइट https: //eprocure.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड किए जा सकते हैं।  निविदा आमंत्रण सूचना की क्रिटिकल डेट शीट निम्नानुसार हैं :-

| | |
|---|---|
| प्रकाशित किए जाने की तारीख | 11.11.2019 को 17:30 बजे |
| बोली दस्तावेजों को डाउनलोड करने / बिक्री शुरू होने की तारीख | 11.11.2019 को 17:30 बजे |
| बोली  प्रस्तुत करना शुरू करने की तारीख | 11.11.2019 को 17:30 बजे |
| बोली  प्रस्तुत करने  की अंतिम तारीख | 21.11.2019 को 15:00 बजे |
| बोली खोलने की तारीख | 22.11.2019 को 15:00 बजे |

**2.** इच्छुक बोलीदाता दो बोली प्रणाली में निर्धारित प्रारूप में  http://eprocure.gov.in पर ऑनलाइन निविदा जमा कर सकते हैं। निविदा केवल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in के माध्यम से ऑन लाइन मोड में प्रस्तुत की जानी है।  **पात्रता मानदंड आदि के समर्थन में सभी दस्तावेजों को स्कैन करके  निविदा दस्तावेजों के साथ अपलोड किया जाना है।  ऑन लाइन मोड से भिन्न  किसी अन्य मोड द्वारा भेजी गई निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा।  निर्धारित तारीख और समय की समाप्ति के बाद किसी भी परिस्थिति में कोई भी निविदा दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**

3. निविदाकर्ताओं/ ठेकेदारों  को सलाह दी जाती है कि वे 'केन्द्रीय लोक प्रापण पोर्टल'  सीपीपी https://eprocure.gov.in/eprocure/app के माध्यम से ऑन लाइन बोलियों के "ई-प्रस्तुतीकरण के लिए निविदाकर्ता/ संविदाकर्ता के लिए अनुदेश में दिए गए अनुदेशों का अनुपालन करें।

4. निविदा के साथ अदाता  डिमांड ड्राफ्ट/ बैंकर चैक के रूप में रु.20,000/-  (बीस हजार रुपए मात्र) की मूल धरोहर जमा राशि जो सचिव, संघ लोक सेवा आयोग,  नई दिल्ली के पक्ष में आहरित  हो, को सीलबंद लिफाफे में जिस पर साफ-साफ **"मिश्रित रद्दी कागज के एकबारगी निपटान हेतु  निविदा आमंत्रण सूचना"** लिखा हो तथा यह अवर सचिव (एम एंड एम), संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, नई दिल्ली  को

संबोधित हो, को दिनांक 11.11.2019 से 21.11.2019 (अपराह्न 3:00 बजे तक) तक वास्तविक रूप से संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली के गेट नंबर 3 (सुविधा काउंटर) पर रखे निविदा बॉक्स में ही डालना होगा। उपर्युक्त तारीख एवं समय के दौरान मूल धरोहर जमा राशि जमा नहीं किए जाने पर बोली सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दी जाएगी। तथापि, बैंक ड्राफ्ट (धरोहर जमा राशि) की स्कैन की हुई प्रति http://eprocure.gov.in पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अवश्य अपलोड की जानी चाहिए। सफल बोलीदाता की धरोहर जमा राशि संविदा संबंधी सभी दायित्वों को पूरा करने के बाद ही वापस की जाएगी। बोली के साथ उपर्युक्त अनुसार निर्धारित रूप में धरोहर जमा राशि जमा नहीं किए जाने पर बोली को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।

5. बोलियां संघ लोक सेवा आयोग में दिनांक 22.11.2019 को अपराह्न 3.30 बजे 3 अधिकारियों की एक समिति द्वारा ऑनलाइन खोली जाएंगी। बोली प्रस्तुति की निर्धारित तारीख को कार्यालय के बंद होने या बाद में अवकाश घोषित होने पर बोलियां इस कार्यालय के अगले कार्य दिवस को निर्धारित समय तक अर्थात् अपराह्न 3.00 बजे तक स्वीकार की जाएंगी और कार्यालय के अगले कार्य दिवस को अपराह्न 3.00 बजे खोली जाएंगी। बोलियों के मूल्यांकन के बाद निविदा मूल्यांकन समिति अपनी विशिष्ट सिफारिश (सिफारिशें) देगी जिन्हें अपलोड किया जाएगा और इन्हें बोलीदाताओं द्वारा देखा जा सकेगा ।

6. संघ लोक सेवा आयोग के सक्षम प्रधिकारी को बिना कोई कारण बताए किसी भी समय निविदा निरस्त करने या निविदा दस्तावेज में निहित किसी भी निबंधन और शर्त को संशोधित करने/ वापस लेने का अधिकार प्राप्त है।

(रवीश जोया)
अवर सचिव (एम एंड एम)

फा सं. 3.12(1)/2019-सा.-I

**संघ लोक सेवा आयोग**

**(संघ लोक सेवा आयोग)**

धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड

नई दिल्ली-110069

**विषय:** **संघ लोक सेवा आयोग कार्यालय में मिश्रित रद्दी कागज के एकबारगी निपटान हेतु निविदा आमंत्रण सूचना (एन आई टी)।**

संघ लोक सेवा आयोग कार्यालय मिश्रित रद्दी कागजों जिनमें मुख्य रूप से समाचार पत्र, पत्रिकाएं, फाड़े गए पुराने रिकॉर्ड, पुराने गत्ते, गत्ते के डिब्बे, कार्बन पेपर और कुछ उपयोग में लिए गए पॉलिथीन बैग और अन्य दैनिक कचरा शामिल हैं, का एकबारगी निपटान करने का इच्छुक है। **मिश्रित रद्दी कागज का संभावित वजन 34,000 किलोग्राम है, जो बढ़ या घट सकता है। रद्दी कागज को वास्तविक आधार पर अनुमोदित विक्रेता को प्रदान किया जाएगा। भावी बोलीदाता से अनुरोध है कि वे दिनांक 00.00.2019 से 00.00.2019 तक अपराह्न 2.30 बजे से सांय 4.00 बजे के बीच इस कार्यालय में आकर एम एंड एम अनुभाग से संपर्क करें और रद्दी कागज का निरीक्षण कर लें, ताकि वित्तीय बोली उद्धृत करने से पहले रद्दी कागज की प्रकृति के बारे में स्वयं की संतुष्टि कर सकें। रद्दी कागज, अनुपात आदि की प्रकृति के संबंध में किसी भी स्तर पर किसी प्रश्न / स्पष्टीकरण का निराकरण नहीं किया जाएगा।**

**दो बोली प्रणाली:**

2. बोलियों को दो भागों में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। तकनीकी बोली और वित्तीय बोली। प्रस्तुत की जाने वाली बोली के सभी पृष्ठों पर अपलोड करने से पहले और दस्तावेज़ों की विषय-वस्तु की प्रकृति का ध्यान किए बिना अनिवार्यत: बोलीदाता के हस्ताक्षर होने चाहिए और उन्हें क्रमिक रूप से क्रमांकित किया जाना चाहिए।

**भाग –I - तकनीकी बोली**

3. (i) तकनीकी बोली: बोलीदाता **संलग्नक- I** (जांच सूची), **संलग्नक- II** और **संलग्नक- III** में तकनीकी बोली को विधिवत भरकर, हर तरह से पूर्ण करके अपलोड करेगा, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

(क) आदाता खाता डिमांड ड्राफ्ट/ बैंकर चेक के रूप में सचिव संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली के पक्ष में आहरित रु. 20,000 / - (रुपये बीस हजार केवल ) की धरोहर जमा राशि की स्कैन की गई प्रति।

(ख) निर्धारित प्रोफार्मा में विधिवत भरी गई अपेक्षित जानकारी (**संलग्नक- II**)

(ग) निर्धारित प्रोफार्मा के अनुसार ब्लैकलिस्टिंग का प्रमाण पत्र (**संलग्नक- III**)

(घ) फर्म / कंपनी के पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति

(ड.) फर्म / कंपनी के पैन नंबर की प्रति

(च) फर्म / कंपनी के जीएसटी नंबर की प्रति

(छ) प्रत्येक बोलीदाता को यह प्रमाणित करना होगा कि निविदा आमंत्रण सूचना के सभी निबंधन और शर्तें उन्हें स्वीकार्य हैं।

**महत्वपूर्ण नोट-** बोलीदाता कृपया ध्यान दें कि सभी दस्तावेज (मूल धरोहर जमा राशि को छोड़कर) ऑनलाइन जमा किए जाने हैं। ऑफ़लाइन जमा की गई बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा। धरोहर जमा राशि (ईएमडी) की स्कैन की गई प्रति के अलावा; मूल ईएमडी को 11.11.2019 से 21.11.2019 तक (अपराह्न 3:00 बजे

तक) संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली के गेट नंबर 3 (सुविधा काउंटर) पर रखे गए निविदा बॉक्स में वास्तविक रूप से जमा किया जाना है।

**भाग –II - वित्तीय बोली**

**4.** बोलीदाता वित्तीय बोली को **संलग्नक - IV** में अपलोड करेगा। केवल उन सफल बोलीदाताओं की वित्तीय बोलियां, जिनकी बोलियां मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन के उपरांत तकनीकी रूप से स्वीकार्य मानी जाती हैं, बाद की तारीख में खोली जाएंगी।

**5.** दरें वित्तीय बोली अर्थात **बीओक्यू (संलग्नक IV)** की प्रस्तुति के लिए तैयार किए गए निर्धारित प्ररूप में ही ऑनलाइन उद्धृत की जानी हैं। प्रति किग्रा इकाई दर (जीएसटी सहित) को निर्धारित प्ररूप में उद्धृत किया जाना चाहिए और कुल मूल्य का आंकलन संभावित वजन के आधार पर अर्थात् निविदा आमंत्रण सूचना में पूर्व घोषित 34,000 किलोग्राम के आधार पर निकाला जाना चाहिए। सफल बोलीदाता को उद्धृत राशि का भुगतान **डिमांड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर** के रूप में **आशय पत्र जारी करने की तारीख से 07 दिनों के भीतर** ही करना होगा, जो केवल सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली को देय होगा। किसी भी मामले में भुगतान के तरीके / कार्यक्रम में परिवर्तन के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

6. मूल्य केवल इस उद्देश्य के लिए तैयार की गई वित्तीय बोली में अर्थात् केवल बीओक्यू ऑनलाइन मोड में प्रस्तुत किया जाना चाहिए । वित्तीय/ मूल्य बोली में तकनीकी बोली में प्रस्तुत विवरण जैसे फर्म का नाम और प्रोप्राइटर का नाम, बीओक्यू आदि के संबंध में किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर इसे सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा। इसके अलावा, सशर्त मूल्य बोलियों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।

7. बीओक्यू में उद्धृत की गई दरों की राशि का शब्दों एवं अंकों दोनों में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाए।

8. अंकगणितीय त्रुटियों में निम्नलिखित आधार पर सुधार किया जाएगा। यदि इकाई मूल्य और मात्रा को गुणा करने पर प्राप्त इकाई मूल्य और कुल मूल्य में विसंगति पाई जाती है तो इकाई मूल्य प्रभावी होगा और क्रेता द्वारा कुल मूल्य में संशोधन किया जाएगा। यदि क्रेता त्रुटियों में सुधार को स्वीकार नहीं करता है तो उनकी बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

**सामान्य निबंधन और शर्तें**

9. सफल बोलीदाता रद्दी कागज उठाने के लिए बाध्य होगा, भले ही वास्तविक मात्रा निविदा आमंत्रण सूचना में इंगित की गई अस्थायी मात्रा से कम या अधिक हो। यदि उत्पादित रद्दी आकलित रद्दी अर्थात 34,000 किग्रा. से अधिक पाई जाती है तो वेन्डर को अतिरिक्त राशि जमा करनी होगी। यदि उत्पादित रद्दी आकलित रद्दी अर्थात 34,000 किग्रा. से कम पाई जाती है तो शेष राशि वेन्डर को लौटा दी जाएगी।

10. रद्दी कागज के निपटान के उद्देश्य से; संघ लोक सेवा आयोग आंतरिक रूप से एक न्यूनतम आरक्षित मूल्य (एमआरपी) निर्धारित करेगा। सबसे अधिक दरें उद्धृत करने वाले बोलीदाता को निविदा प्रदान की जाएगी जो संघ लोक सेवा आयोग द्वारा तय न्यूनतम आरक्षित मूल्य से अधिक के अध्यधीन है।

11. रद्दी कागज वास्तविक आधार पर अनुमोदित वेंडर को अनुमोदित दर (प्रति किलोग्राम) पर प्रदान किया जाएगा । रद्दी सामग्री का वजन इस प्रयोजन के लिए विधिवत रूप से गठित समिति के समक्ष

तोला जाएगा और उसके बाद इसे निपटान के लिए वेंडर को प्रदान किया जाएगा। माप-तोल के प्रयोजन के लिए केवल सं.लो.से.आ. का अपना वेंडिग स्केल या आयोग द्वारा अनुमोदित कोई अन्य प्रणाली ही मानी जाएगी। माप-तोल के अनुपालन के लिए अपनाई गई प्रक्रिया के संबंध में सं.लो.से.आ. का निर्णय अंतिम तथा बाध्यकारी होगा।

12. संविदाकर्ता को रद्दी कागज अपने स्टॉफ द्वारा उठवाना होगा और सं.लो.से.आ. इस उद्देश्य के लिए कोई कर्मचारी उपलब्ध नहीं कराएगा। रद्दी कागज उठाने से पहले इसे संघ लोक सेवा आयोग के अधिकारी की मौजूदगी में टुकड़ों में फाड़ना होगा।

13. संविदाकर्ता को कार्यालय परिसर के अंदर रद्दी सामग्री की छंटाई की अनुमति नहीं होगी और उसे रद्दी कागज को ढेर के रूप में उठाना होगा।

14. संविदाकर्ता रद्दी सामग्री को संघ लोक सेवा आयोग कार्यालय में "खत्ते” की चारदीवारी के अंदर अपने बैग में रख सकता है। एकबारगी नीलामी के माध्यम से निपटान की गई सारी रद्दी सामग्री को फर्म द्वारा आशय पत्र की तारीख से 21 दिन के भीतर उठा लिया जाएगा।

15. सशर्त, अस्पष्ट एवं अपूर्ण बोलियां सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दी जाएंगी।

16. ऐसी फर्म जिसने पूर्व में संघ लोक सेवा आयोग की बोलियों में भाग लिया हो और उनका प्रदर्शन संतोषजनक न रहा हो और/ या उनकी धरोहर जमा राशि/ निष्पादन प्रतिभूति को जब्त कर लिया गया हो, वे बोली में भाग लेने के पात्र नहीं होंगे और उनकी बोली को सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

17. फर्म किसी भी सरकारी संगठन / लोक उपक्रम आदि द्वारा ब्लैक लिस्ट न की गई हो।

<u>शास्ति खंड</u>

18. यदि सफल बोलीदाता किसी कारण (कारणों) से इस कार्यालय द्वारा प्रदान की गई संविदा को स्वीकार नहीं करता है तो खंड 4 के अंतर्गत यथानिर्धारित धरोहर जमा राशि को जब्त कर लिया जाएगा फर्म को संघ लोक सेवा आयोग की बोलियों में भाग लेने से ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

19. वे बोलीदाता जो संविदात्मक दायित्वों को आंशिक रूप से या संपूर्णत: पूरा नहीं करते हैं, उन्हें धरोहर जमा राशि जब्त करके तथा संघ लोक सेवा आयोग में ब्लैकलिस्ट करते हुए दंडित किए जा सकता है।

18. सचिव, संघ लोक सेवा आयोग को किसी या सभी बोलियों को बिना कोई कारण बताए अस्वीकृत करने का अधिकार प्राप्त हैं।

**(रवीश जोया)**
**अवर सचिव (एम एंड एम)**
**दूरभाष : 23382415**

**संलग्नक -I**

**ई-टेंडर एफ नंबर 3.12(1) / 2019-जी-I**

**विषय:** **संघ लोक सेवा आयोग कार्यालय में मिश्रित रद्दी कागज के एकबारगी निपटान हेतु निविदा आमंत्रण सूचना (एन आई टी)।**

**जांच सूची**
**(तकनीकी बोली भाग बनाना)**

| क्र.सं. | ई-टेंडर में अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों का विवरण | हां/ नहीं | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | रु. 20,000 / - की धरोहर जमा राशि (ईएमडी) की स्कैन की गई प्रति। | | |
| 2 | फर्म का विवरण और घोषणा - अनुबंध II | | |
| 3 | देश में कहीं भी किसी भी सरकारी विभाग/ उपक्रम / पीएसयू द्वारा फर्म को ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है - अनुबंध III | | |
| 4 | फर्म के पंजीकरण की स्कैन की गई प्रति | | |
| 5 | फर्म के पैन नंबर की स्कैन की गई प्रति | | |
| 6 | जीएसटी पंजीकरण नंबर की स्कैन की गई प्रति | | |
| 7 | प्रस्तुत की जाने वाली बोली के सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर किए गए हों और उन्हें क्रमिक रूप से क्रमांकित किया गया हो। | | |

**हस्ताक्षर:**

**नाम:**

**मुहर:**

**संलग्नक -II**

**ई-टेंडर एफ नंबर 3.12(1) / 2019-जी-I**

**संघ लोक सेवा आयोग कार्यालय में एकत्र मिश्रित रद्दी कागज के एकबारगी निपटान हेतु निविदा भेजने के लिए प्रपत्र**

**(तकनीकी बोली के साथ प्रस्तुत किया जाए)**

1. फर्म का नाम एवं पता :
2. दूरभाष सं. : 1. कार्यालय-
   2. आवास-

3. आवश्यक होने पर संपर्क किए जाने वाले कुछ जिम्मेदार व्यक्तियों के नाम, पता एवं दूरभाष सं.:

4. जमा की गई जमा धरोहर राशि का विवरण : (क) राशि: _________

   (ख) डी डी / पे आर्डर सं.

   (ग)-------------------- बैंक में देय

5. फर्म के मालिक का नाम, हस्ताक्षर एवं मुहर: :

**हस्ताक्षर:**
**नाम:**
**मुहर:**

**घोषणा**

मैं--------------------------------यह प्रमाणित करता/ करती हूं कि निविदा आमंत्रण सूचना में वर्णित सभी निबंधन एवं शर्तें मुझे स्वीकार्य हैं। मैं आगे प्रमाणित करता/ करती हूं कि मैंने दौरा कर लिया है और मिश्रित रद्दी कागज की प्रकृति का निरीक्षण किया है।

(नाम व मुहर सहित हस्ताक्षर)

**<u>संलग्नक -III</u>**

## <u>ई-टेंडर एफ नंबर 3.12  (1) / 2019-जी-I</u>

## <u>(प्रमाणपत्र)</u>

हम ------------------------------------------------------------(फर्म का नाम)

पता ..................................................................  एतद्द्वारा प्रमाणित करते हैं कि देश में कहीं भी किसी  भी सरकार / उपक्रम / पीएसयू द्वारा हमें कभी भी ब्लैक लिस्ट नहीं किया गया है।

मालिक के हस्ताक्षर ___________________________

नाम .....................................

तारीख ..............................

**अनुबंध-IV**

## ई-टेंडर एफ नंबर 3.12(1) / 2019-जी-I

## मिश्रित रद्दी कागज के एकबारगी निपटान हेतु वित्तीय बोली के लिए प्रारूप
## केवल ऑनलाइन ही भरा जाए

| फर्म का नाम | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | मद का विवरण | मात्रा (संभावित) | इकाई | इकाई दर (प्रति किलोग्राम) | कुल राशि | कुल राशि शब्दों में |
| A | B | C | D | E | F= (CXE) | G |
| | मिश्रित रद्दी कागज जिनमें मुख्य रूप से समाचार पत्र, पत्रिकाएं, फाड़े गए पुराने रिकॉर्ड, पुराने गत्ते, गत्ते के डिब्बे, कार्बन पेपर और कुछ उपयोग किए गए पॉलिथीन बैग और अन्य दैनिक कचरा शामिल हैं जैसा कि निविदा आमंत्रण सूचना में बताया गया है। | 34,000 | किलोग्राम | | | |
| कुल राशि अंकों में | | | | | | |
| कुल राशि शब्दों में | | | | | | |

कृपया ध्यान दें :

1. रद्दी कागज का संभावित वजन 34,000.00 किलोग्राम है जो   जो घट/ बढ सकता है।
2. रद्दी कागज अनुमोदित विक्रेता को वास्तविक आधार पर अनुमोदित दर (प्रति किलोग्राम) के आधार पर प्रदान किया जाएगा।
3. जीएसटी सहित प्रति किलोग्राम यूनिट दर उद्धृत की जाए।

हस्ताक्षर:

नाम:

मुहर: